# षोडश

# बिहार विधान सभा

## एकादश सत्र

## तारांकित प्रश्न

वर्ग-4

वृहस्पतिवार, तिथि 08 अग्रहायण, 1940 (श0) / 29 नवम्बर, 2018 (ई0)

**प्रश्नों की कुल संख्या 97**

| | | |
|---|---|---|
| (1) | लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग .. .. .. | 15 |
| (2) | नगर विकास एवं आवास विभाग .. .. .. | 28 |
| (3) | राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग .. .. .. | 23 |
| (4) | कृषि विभाग .. .. .. | 16 |
| (5) | पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग .. .. .. | 07 |
| (6) | खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग .. .. .. | 06 |
| (7) | सहकारिता विभाग .. .. .. | 02 |
| | कुल योग — | 97 |

विचार रखना

*271. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य में दुधारू पशुओं में विभिन्न कारणों से इनफर्टिलिटी के लक्षण में काफी इजाफा होने की वजह से पशुपालकों में चिन्ता व्याप्त होती जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार राज्य के पशुधन के स्वास्थ्य के प्रति उचित एवं आवश्यक कदम उठाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

काम में लगाना

*272. श्री अलोक कुमार मेहता--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 12 अगस्त, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''छोटे किसानों के खेतों में काम करेंगे मनरेगा मजदूर'' के आलोक में क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में लघु एवं सीमांत किसान 97 फीसदी है जिनके पास प्रति किसान खेतों की होल्डिंग मात्र 0.64 हेक्टेयर है;

(2) क्या यह बात सही है कि फसलों के बुआई के समय मजदूरों की अपर्याप्तता को मनरेगा मजदूरों से दूर करने की कार्रवाई सरकार के पास लम्बित है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार मनरेगा मजदूरों को छोटे किसानों के काम में लगाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

लाभ दिलाना

*273. श्री श्रीनारायण यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के पंजाब नेशनल बैंक के राहतपुर शाखा द्वारा अपने पोषक क्षेत्र के कुल 2143 किसानों का खरीफ फसल का बीमा वित्तीय वर्ष 2016 में दिनांक 30 एवं 31 अगस्त, 2016 को किया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त बीमाकर्ता कम्पनी द्वारा मात्र 802 के० सी० सी० ऋणधारक को लाभान्वित किया है, जिसमें अधिकांश मृत व्यक्ति है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इसकी जाँच कराकर बीमा कम्पनी पर कार्रवाई करते हुये शेष 1341 किसानों को कबतक लाभ दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

चौड़ीकरण करना

*274. श्री संजय कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत विक्रमगंज नगर परिषद् में धावा पुल से पटेल कॉलेज तक तथा धारूपुर से जोगीवीर टोला तक 10 फीट सड़क होने के कारण आवागमन में कठिनाई हो रही है तथा जाम की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों पथ का चौड़ीकरण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि देना

*275. श्री ललित कुमार यादव--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 23 अक्टूबर, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''कम बारिश के कारण राज्य में इस बार 15 लाख टन कम धान की उपज का अनुमान, करीब 2600 करोड़ के नुकसान की आशंका'' को ध्यान में रखते हुये क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कम बारिश के कारण राज्य में 15 लाख टन कम धान की उपज होने से किसानों को 2600 करोड़ की राशि का नुकसान संभावित है, यदि हाँ, तो हानि की भरपाई हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

---------

भुगतान करना

*276. श्री (मो०) नेमतुल्लाह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री सेतु निर्माण योजनान्तर्गत गोपालगंज जिला के बरौली प्रखंड में भीखमपुर के धमई नदी पर उच्चस्तरीय पुल एवं पहुँच पथ निर्माण हेतु खाता संख्या 82, खेसरा संख्या 187 से मात्र 11 डीसमील जमीन का अधिग्रहण दो वर्ष पूर्व किया गया है, परन्तु जमीनदाता किसानों को अभीतक मुआवजा राशि का भुगतान नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार जमीनदाता किसानों को कबतक मुआवजा राशि का भुगतान करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*277. श्री शिवचन्द्र राम--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला में वर्ष 2016-17 में (VIUC) में 650 हेक्टेयर में जैविक उपादान का लक्ष्य रखा गया था, जिसमें प्रखंड महुआ, गोरौल एवं जन्दाहा के 324 चयनित किसानों का प्रखंड कृषि पदाधिकारी भौतिक सत्यापन के उपरान्त भुगतान नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार चयनित किसानों का जैविक उपादान का भुगतान नहीं करने वाले पदाधिकारियों पर कबतक कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पदस्थापन करना

*278. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के अस्थावाँ एवं सरमेरा प्रखंड में विगत दिसम्बर, 2017 से अंचलाधिकारी का पदस्थापन नहीं होने से पद रिक्त है, जिससे प्रखंडवासियों को राजस्व कार्य में काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार अस्थावाँ एवं सरमेरा प्रखंड में कबतक अंचलाधिकारी का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

शवदाह गृह का निर्माण

*279. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला अन्तर्गत महनार बाजार गंगा घाट एवं महनार तीन मुहानी गंगा घाट पर विद्युत शवदाह गृह नहीं होने से शव जलाने में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार महनार बाजार एवं तीन मुहानी गंगा घाट पर शवदाह गृह का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

म्यूटेशन कराना

*280. श्री श्याम रजक--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि ''ऑपरेशन भूमि दखल-देहानी'' के तहत 30 जून, 2018 तक सभी बेदखल पर्चाधारियों को कब्जा दिलाने का लक्ष्य रखा गया है तथा सितम्बर, 2014 से पर्चाधारियों को कब्जा दिलाने का कार्यक्रम चलाये जाने के बावजूद अभीतक शत-प्रतिशत लक्ष्य की प्राप्ति नहीं हो पायी है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

---

आवागमन बहाल करना

*281. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत वार्ड नं० 5 समनपुरा राजाबाजार स्थित बैंक ऑफ इण्डिया कॉलोनी, इन्द्रपुरी कॉलोनी के उत्तर खटाल के पास, ए०जी० कॉलोनी और आशियाना-दीघा रोड को जोड़ने वाली एकमात्र सड़क को अतिक्रमित कर कचरा का अम्बार लगा दिया गया है जिससे खासकर आशियाना-दीघा रोड जाम रहने की स्थिति में आवागमन पूर्णरूप से बाधित हो जाती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क पर सभी बिखरे कचरा को हटाकर आवागमन की सुविधा बहाल कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

अमीन का पदस्थापन

*282. श्री जितेन्द्र कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिले के बिन्द एवं सरमेरा प्रखंड में एक भी अमीन नहीं रहने के कारण प्रखंडवासियों का जमीन मापी नहीं हो पा रही है तथा लोगों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त दोनों प्रखंडों में कबतक अमीन का पदस्थापन करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

सेवानिवृत्त करना

*283. श्री अशोक कुमार (132)--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि बिहार राज्य कृषि विपणन पर्षद (वि०), पटना से वित्तीय वर्ष-2007 में सेवानिवृत्त हुये पणन सचिव श्री जगन्नाथ प्रसाद एवं श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-II को बिहार राज्य कृषि उपज बाजार (निरसन) अधिनियम, 2006 के तहत अधिसूचित नहीं किया जा सका है;

(2) क्या यह बात सही है कि अधिसूचना वित्तीय वर्ष-2006 से ही प्रवृत है परन्तु अधिसूचना में छूट सेवानिवृत्त पणन सचिवों को सेवानिवृत्ति उपरान्त देय लाभों का भुगतान नहीं कराये जाने से इन्हें कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार सेवानिवृत्त पणन सचिव श्री जगन्नाथ प्रसाद एवं श्री सुरेन्द्र प्रसाद सिन्हा-II सहित अन्य कर्मियों को बिहार राज्य कृषि उपज बाजार (निरसन) अधिनियम, 2006 के तहत अधिसूचित कराते हुये सेवानिवृत्ति उपरान्त देय लाभों का भुगतान कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पुनरीक्षण करना

*284. श्रीमती वर्षा रानी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि शहरी क्षेत्र में प्रोपर्टी की एम०भी०आर० पहले वर्ष की तुलना में 14 % से 333 % तक बढ़ा दी गयी है जो कि पटना जिले में 6%—53% तथा मुजफ्फरपुर जिले में 0%—137% तक की तुलना में बहुत ज्यादा है;

(2) क्या यह बात सही है कि भागलपुर जिले में ग्रामीण क्षेत्रों से काटकर नवनिर्मित पेरिफेरल क्षेत्र का एम०भी०आर० पहले साल की तुलना में 500%—3300% तक बढ़ाया गया है, वहीं पटना जिले में 10%—40% और मुजफ्फरपुर में 0%—40% तक की वृद्धि हुई है, जिससे भागलपुर जिला के प्रोपर्टी के खरीदारों एवं बिक्रेताओं दोनों को ही आर्थिक नुकसान हो रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार भागलपुर जिले के एम०भी०आर० दर का पुनरीक्षण कराने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

योजना का लाभ दिलाना

*285. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिलान्तर्गत नगर पंचायत सुगौली के वार्ड नं०-2 में बेलईठ अनुसूचित जाति बस्ती में दर्जनों भूमिहीन व्यक्ति सड़क के किनारे झोपड़ी बनाकर अपने जीवन-यापन करते हैं;

(2) क्या यह बात सही है कि उक्त अनुसूचित जाति बस्ती के निकट दो एकड़ से अधिक सरकारी परती (गैर-मजरूआ) जमीन उपलब्ध है, परन्तु अंचल कार्यालय, सुगौली द्वारा उक्त बस्ती के दलित/महादलित निर्धन व्यक्तियों को भूमि बंदोबस्त अभीतक नहीं कराने के कारण प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना से वंचित होना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार उक्त वर्णित व्यक्तियों को भूमि उपलब्ध कराकर प्रधानमंत्री आवास (शहरी) योजना का लाभ दिलाने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---

रसीद उपलब्ध करना

*286. श्री विजय कुमार खेमका--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ शहरी क्षेत्र में वासगीत जमीन का लगान निर्धारित नहीं होने के कारण म्यूटेशन कार्य बंद है तथा लगान रसीद वित्तीय वर्ष 1990 से नहीं कट रहा है;

(2) क्या यह बात सही है कि वर्तमान लगान रसीद नहीं रहने के कारण शहरवासी को काफी कठिनाई होती है तथा शहर के बी०पी०एल० एवं गरीब परिवार सरकारी कल्याणकारी योजना के लाभ से वंचित रह रहे हैं;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार पूर्णियाँ शहरी क्षेत्र में वासगीत जमीन का रसीद भू-धारी को मुहैया कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

जमीन उपलब्ध कराना

*287. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भूमिहीन सवर्णों को भी सरकार के द्वारा वित्तीय वर्ष 2015-16 में लिये गये निर्णय के अनुसार आवास बनाने हेतु जमीन उपलब्ध कराना है, यदि हाँ, तो कोटवा एवं कल्याणपुर प्रखण्ड में एक भी भूमिहीन सवर्णों (उच्च जाति) को अभीतक जमीन उपलब्ध नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

----------

बस पड़ाव बनाना

*288. श्री मेवालाल चौधरी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुंगेर जिलान्तर्गत तारापुर प्रखण्ड में परिवहन विभाग की खाली जमीन है जो दिन-प्रतिदिन आमलोगों द्वारा अतिक्रमित किया जा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार तारापुर में बस पड़ाव बनाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

कार्रवाई करना

*289. श्री सरोज यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत खाद्य निगम द्वारा सड़ा चावल 50 कि०ग्रा० के स्थान पर 40 से 45 कि०ग्रा० ही दिया जा रहा है, जिससे उपभोक्ता को भी कम वजन मिल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार जाँचकर दोषी पदाधिकारियों पर कबतक कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

टंकी का निर्माण

*290. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत पालीगंज प्रखण्ड के कस्तुरबा गाँधी बालिका विद्यालय, सेहरा में विगत तीन वर्षों से पेयजल की समस्या गंभीर रूप से बनी हुई है, जिससे छात्राओं को शौच एवं अन्य कार्यों के लिये एकमात्र चापाकल पर ही आश्रित रहना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त विद्यालय में मोटर सहित टंकी का निर्माण कराकर पेयजल की समस्या से निजात दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सुखाग्रस्त घोषित करना

*291. श्री संजय कुमार तिवारी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बक्सर जिला में वर्ष 2018-19 में वर्षा बहुत कम हुई है, जिसके कारण किसानों का खरीफ फसल बर्बाद हो गया है, परन्तु सरकार द्वारा बक्सर जिला को सुखाग्रस्त नहीं घोषित किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार बक्सर जिला को कबतक सुखाग्रस्त घोषित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

## राशि देना

*292. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर नगर पंचायत अन्तर्गत प्रधानमंत्री आवास योजना से वर्ष 2016-17 में 800 लाभुकों का चयन किया गया था, जिसमें मात्र 400 लाभुकों को मकान बनाने हेतु आधा-अधूरा राशि आवंटित किया गया है, जिसके कारण मकान निर्माण कार्य पूरा नहीं हो सका है, यदि हाँ, क्या सरकार सोनपुर नगर पंचायत के चयनित लाभुकों को उक्त योजना की पूरी राशि दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

---------

## नाला का निर्माण

*293. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी नगर पंचायत के रेलवे ढाला चौक से मुख्य बाजार होते हुये गैस एजेंसी तक सड़क के किनारे नाला नहीं रहने के कारण आमलोगों को परेशानी होती है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त नाले का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों?

----------

## प्राक्कलन बनाना

*294. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या 221)--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि मुख्यमंत्री सात निश्चय योजना के तहत सम्पूर्ण राज्य में हर घर जल नल योजना लागू है;

(2) क्या यह बात सही है कि आर्सेनिक युक्त गन्दी बस्तियों में नल का जल योजना का कार्यान्वयन कराया जा रहा है, जिसमें प्राक्कलन के अनुरूप कार्य नहीं कराया जा रहा है;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार उक्त योजना का प्राक्कलन हिन्दी में बनवाने तथा प्राक्कलन की कॉपी कार्य स्थल पर जनता के अवलोकनार्थ रखने का विचार रखती है, हां, तो कबतक ?

जाँच कराना

*295. श्री विजय प्रकाश--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम, 2007 की धारा 48 में प्रत्येक महीने बोर्ड की बैठक का प्रावधान रहने के बावजूद नगर परिषद्, जमुई की बैठक चार महीने से नहीं हुई है तथा हर घर नल का जल के तहत एक वर्ष पूर्व कार्य आवंटित हुआ, परन्तु 8 वार्डों में काम शुरू हुये बिना राशि की निकासी कर ली गई है एवं विभागीय पत्रांक 2574, दिनांक 9 मई, 2018 के आलोक में स्वीकृत 200 योजनाओं के भुगतान पर सशक्त स्थायी समिति द्वारा रोक लगा दी गयी है, साथ ही नाली-गली योजना से संबंधित 56 फाइलें नगर परिषद् कार्यालय से चोरी हो गयी, परन्तु अभीतक एफ0आई0आर0 तक नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार नगरपालिका अधिनियम, 2007 का अनुपालन नहीं करने वाले नगर परिषद्, जमुई के कार्यकलाप की जाँच कबतक कौन-सी एजेंसी से कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जाँच कराना

*296. श्री वीरेन्द्र कुमार सिंह (क्षेत्र संख्या 221)--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत नवीनगर एवं बारून प्रखण्ड में मुख्यमंत्री क्षेत्रीय चापाकल योजना अन्तर्गत वर्ष 2013-14, 2014-15 तथा 2015-16 में चापाकल गाड़ा गया है, उसमें प्लेटफार्म एवं चबूतरा नहीं बनाया गया जिसके कारण सभी चापाकल जीर्ण-शीर्ण स्थिति में है, यदि हाँ, तो सरकार चापाकल योजनाओं में प्लेटफार्म एवं चबूतरा निर्माण में बरती गयी लापरवाही की उच्चस्तरीय जाँच कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक ?

------------

जाँच कराना

*297. श्री रवि ज्योति कुमार--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नालन्दा जिलान्तर्गत सिलाव प्रखंड के धरहरा पंचायत के मनियावाँ (बेसरापर) वार्ड नं-1 में सात निश्चय योजना से बनी पानी टंकी दिनांक 4 फरवरी, 2018 को घटिया निर्माण की वजह से ध्वस्त हो गया एवं इसके साथ ही गिरियक, सिलाव एवं बिहार प्रखंड स्थित नल-जल योजना का कार्य मानक के अनुरूप नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार घटिया एवं ध्वस्त हुये कार्यों की जाँच कबतक करवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

कार्रवाई करना

*298. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्त संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार ने वर्ष 2017-18 में घोषणा की है कि प्रखण्ड मुख्यालय से चिन्हित व्यक्तियों को राशन कार्ड वितरित किया जायेगा के आलोक में आजतक कोई कार्रवाई नहीं हुई है, यदि हाँ, तो सरकार अपनी घोषणा का कार्यान्वयन कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

न्याय दिलाना

*299. श्री राघव शरण पाण्डेय--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य के कुल 8463 पैक्सों में करीब 700 पैक्स डिफाल्टर घोषित किये गये हैं, जिसके तहत डिफाल्टर पैक्स को धान अभिप्राप्ति, गोदाम निर्माण, पी0 डी0 एस0 डीलरशीप योजनाओं से वंचित किया गया है, जबकि डिफाल्टर होने का कारण पुराने पैक्स अध्यक्ष द्वारा की गई अनियमितता है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कर नये चुने गये अध्यक्षों को कबतक न्याय दिलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

सड़क का चौड़ीकरण

*300. श्री उपेन्द्र पासवान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिलान्तर्गत बखरी नगर पंचायत के मुख्य बाजार सड़क के संकीर्णता के कारण काफी जाम बना रहता है, जबकि सड़क की चौड़ाई अधिक है, यदि हाँ, तो सरकार नगर थाना चौक से अम्बेदकर चौक होते हुये मुख्य बाजार पुरानी बैंक चौक तक तथा अम्बेदकर चौक से गोशाला तक की सड़क का चौड़ीकरण कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

-----------

दर्जा दिलाना

*301. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत जाले प्रखंड के कमतौल एवं जाले बाजार तथा सिंहवाड़ा प्रखण्ड के भरवाड़ा एवं सिंहवाड़ा बाजार नगर परिषद् के मानक को पूरा करता है, परन्तु कमतोल, जाले सिंहवाड़ा एवं भरवाड़ा में से किसी को भी अभीतक नगर पंचायत का दर्जा नहीं मिला है, यदि हाँ, तो सरकार उपर्युक्त बाजारों को नगर पंचायत का दर्जा देने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

योजना चालू करना

*302. श्री रामचन्द्र सहनी--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिला अन्तर्गत प्रखण्ड सुगौली के दक्षिणी श्रीपुर पंचायत में श्रीपुर बाजार पर 5 वर्ष पूर्व लगभग 2 करोड़ के लागत से केन्द्र प्रायोजित योजना अन्तर्गत ग्रामीण जलापूर्ति योजना के तहत पानी टंकी जलमीनार एवं पाइप लाइन का निर्माण कार्य हुआ है, लेकिन पानी नहीं निकल रहा है, जिस कारण निकटवर्ती आवासीत आबादी अभीतक शुद्ध पेयजल से वंचित है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना को कबतक चालू कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

## बस पड़ाव का निर्माण

*303. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला के नगर परिषद् क्षेत्र अररिया में एन० एच० 57 फोर लेन सड़क बनाने के बाद बस पड़ाव नहीं होने के कारण एन० एच० 57 पर ही बस का ठहराव होता है तथा नगर परिषद् बस पड़ाव का प्रतिवर्ष निविदा कर लाखों के राजस्व की उगाही करती है, परन्तु यात्री को किसी भी प्रकार के सुविधा मुहैया नहीं करायी जा रही है, यदि हाँ, तो सरकार नगर परिषद् अररिया में स्थायी बस पड़ाव का कबतक निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## निर्माण कराना

*304. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत मधुबनी नगर परिषद् क्षेत्र में लगभग पाँच दशक पूर्व निर्मित मछली बाजार जर्जर हो गया है, जिसके कारण मछली बिक्रेता और ग्राहकों को अत्यंत कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त मछली बाजार का कबतक पुनर्निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

## जाँच कराना

*305. श्री आलोक कुमार मेहता--स्थानीय दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 28 जून, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''डीप बोरिंग में फर्जीवाड़ा, घटिया पाइप का प्रयोग'' के आलोक में क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य में हर घर नल का जल योजनाओं के क्रियान्वयन में जमीनी स्तर पर भारी अनियमितता बरती जा रही है;

(2) क्या यह बात सही है कि प्राय: हर जगह डीप बोरिंग के लिये 125 मीटर मानक की जगह 80-90 मीटर में ही बोरिंग, 6 इंच की जगह 4 इंच की व्यास की बोरिंग तथा आई० एस० आई० मार्का का पाइप नहीं लगाया जा रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार अनियमितता की जाँच कराकर कौन-सी कार्रवाई करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## जलापूर्ति प्रारंभ करना

*306. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राष्ट्रीय ग्रामीण पेयजल कार्यक्रम अन्तर्गत मिनी जलापूर्ति योजना के तहत वर्ष 2016 से कार्य एजेंसी मेम्ब्रेन फिल्टर्स, पूणे, महाराष्ट्र द्वारा सौर ऊर्जा से संचालित जलापूर्ति योजना से अररिया जिलान्तर्गत भरगामा प्रखंड के ग्राम पंचायत विषहरिया के ग्राम विषहरिया वार्ड नं० 12 में जलापूर्ति प्रारंभ की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि तकनीकी खराबी के कारण उक्त गाँव में अप्रील, 2018 से जलापूर्ति बंद है, जिससे लोगों को कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार तकनीकी खराबी दूर करके विषहरिया गाँव में पुन: जलापूर्ति प्रारम्भ करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

अतिक्रमण मुक्त कराना

*307. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत फलका अंचल के पोठिया चौक से गोड़ियड़ जानेवाली सड़क का अतिक्रमण कर दिया गया है, जिसके कारण उक्त सड़क में काफी जाम की स्थिति बनी रहती है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण से मुक्त कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

बस स्टैण्ड का निर्माण

*308. श्री संजय कुमार सिंह उर्फ संजय यादव--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास जिलान्तर्गत प्रखंड विक्रमगंज के विक्रमगंज नगर परिषद् में बस स्टैण्ड का निर्माण नहीं होने से टेम्पू एवं जीप आदि वाहन रोड के किनारे खड़े कर सवाड़ी बैठाते हैं, जिससे वहाँ जाम लग जाता है, यदि हाँ, तो क्या सरकार विक्रमगंज नगर परिषद् में बस स्टैण्ड का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेय जल उपलब्ध कराना

*309. श्री सिद्धार्थ--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विक्रम विधान सभा क्षेत्रान्तर्गत विक्रम एवं नौबतपुर प्रखंड के ग्रामों में पेयजल की काफी कठिनाई होने से स्थानीय ग्रामीणों में असंतोष व्याप्त हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित दोनों प्रखंडों के ग्रामों में ग्रामीणों को पेयजल उपलब्ध कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

जलमीनार का निर्माण

*310. श्री (मो०) आफाक आलम--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा प्रखंड के लागन भमरा पंचायत एवं सदभैली पंचायत में आम जनता को शुद्ध पेयजल उपलब्ध कराने हेतु जलमीनार का निर्माण नहीं कराया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पंचायतों में कबतक जलमीनार का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मिट्टी की जाँच

*311. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखण्ड के ग्राम-नरकटिया के किसी भी किसान के खेत की मिट्टी की जाँच अबतक नहीं की गई है, यदि हाँ, तो सरकार किसानों के खेतों की मिट्टी की जाँच कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पद का निर्धारण

*312. श्री हरि नारायण सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कृषि सेवा में विभिन्न कोटि-01 से 09 तक पदाधिकारी कार्यरत हैं, जिसमें कोटि-09 को छोड़कर कोटि-01 से 08 तक के सभी कोटि का नियमावली से पद का निर्धारण कर अधिसूचना एवं प्रोन्नति दी गई है, यदि हाँ, तो सरकार कोटि 09 के पदाधिकारियों के लिये नियमावली एवं पद निर्धारण कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

खरीद बिक्री पर लगे रोक हटाना

*313. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सुपौल जिला में भूतपूर्व जमीन्दारों एवं अंचलाधिकारियों द्वारा बन्दोबस्त गैर-मजरूआ खास खाते की जमीन के निबंधन पर सरकार द्वारा रोक लगा दी गयी है, जिससे बन्दोबस्तदारों के उक्त जमीन की खरीद एवं बिक्री नहीं हो पा रही है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक उक्त रोक को हटाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र की स्थापना

*314. श्री अशोक कुमार सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत डोभी से होकर एन० एच०-2, एन० एच०-83, एवं एन० एच०-99 तथा आमस से होकर एन०एच०-2 सड़क गुजरती है, परन्तु डोभी एवं आमस में यात्रियों की सुविधा हेतु कोई बस पड़ाव नहीं है, जिसके कारण उक्त दोनों जगहों पर यात्री बस सड़क के किनारे खड़ी होती है और अक्सर दुर्घटनाएँ होती रहती हैं, यदि हाँ, तो सरकार डोभी एवं आमस में बस पड़ाव का निर्माण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

नाला को अतिक्रमण से मुक्त कराना

*315. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत सीतामढ़ी शहर स्थित कोट बाजार के वार्ड संख्या 15 एवं 16 में सरकारी नाला का स्थानीय लोगों द्वारा अतिक्रमण कर लिये जाने से पूरा शहर में सालोंभर जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार वर्णित नाला को कबतक अतिक्रमण मुक्त करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

संपर्क सड़क से जोड़ना

*316. श्री व्यासदेव प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीवान जिला अन्तर्गत सीवान सदर प्रखण्ड के रामपुर अनुसूचित जाति टोला, प०-नथुछाप एवं ग्राम-चकरा अनुसूचित जाति टोला (दक्षिण), प०-भंटापोखर को अभीतक सम्पर्क सड़क नहीं है, जिससे इन टोलों के लोगों को दूसरे के जमीनों से होकर अपने घर तक जाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त टोलों को सम्पर्क सड़क से जोड़ने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

केन्द्र खोलना

*317. श्रीमती सावित्री देवी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार पशु चिकित्सा विश्वविद्यालय का गठन वित्तीय वर्ष 2016-17 में ही हो गया है, परन्तु जमुई जिला बकरी पालन के क्षेत्र में सबसे उपयुक्त जिला रहने के बावजूद अभीतक बकरी प्रजनन एवं उत्पादन अनुसंधान केन्द्र अधिष्ठापित नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो सरकार जमुई जिला में कबतक बकरी प्रजनन एवं उत्पादन अनुसंधान केन्द्र अधिष्ठापित करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्रवाई करना

*318. श्री अब्दुल बारी सिद्दिकी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिलान्तर्गत सिंधवारा प्रखंड के ग्राम पंचायत राज सरवारा में सरकारी जमीन पर 50 वर्षों से हाट लगाया जाता है और उससे राजस्व की वसूली वहीं के पूर्व मुखिया द्वारा की जाती है जिससे सरकार को राजस्व की हानि होती है;

(2) क्या यह बात सही है कि खंड (1) में वर्णित तथ्यों के संबंध में प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा अपने पत्रांक 117, दिनांक 13 फरवरी, 2017 द्वारा जिलाधिकारी, दरभंगा को सूचित भी किया गया है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार हाट से प्राप्त राजस्व की वसूली कर सरकारी खजाने में कबतक जमा कराने की कार्रवाई करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पार्क का निर्माण

*319. श्री अभय कुमार सिन्हा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि टिकारी विधान सभा क्षेत्र अन्तर्गत टिकारी प्रखंड मुख्यालय में एक चिल्ड्रेन पार्क का निर्माण डूडा के फण्ड से NREC के द्वारा 2007-08 में प्रारम्भ किया गया है जो अबतक अधूरा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पार्क का पूर्ण निर्माण कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

राशि आवंटन करना

*320. श्री अजीत शर्मा--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि माननीय सदस्य के अनुशंसा पर अपने क्षेत्र में लगनेवाले चापाकल की राशि वित्तीय वर्ष 2015-16 से अबतक भागलपुर जिले को आवंटित नहीं किया गया है, जिसके कारण माननीय सदस्य के क्षेत्र में चापाकल गाड़ने का कार्य बंद है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना की राशि कबतक आवंटित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

पर्चा देना

*321. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि लखीसराय जिले के सूर्यगढ़ा प्रखण्ड के माणिकपुर पंचायत के ग्राम श्रीनगर मुसहरी (रेपुरा) एवं खैरा मुसहरी (मदनपुर पंचायत) के महादलित (मुसहर) समाज के भूमिहीनों को वासगीत जमीन उपलब्ध कराने हेतु सरकार के अवर-सचिव, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, बिहार, पटना के पत्रांक 1009, (8)/रा०, दिनांक 13 दिसम्बर, 2017 के आलोक में जिला पदाधिकारी, लखीसराय द्वारा अपने पत्रांक 267, दिनांक 31 मार्च, 2018 द्वारा जमीन उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की गयी है;

(2) क्या यह बात सही है कि खण्ड (1) में वर्णित गाँव के सभी भूमिहीन जमीन के अभाव में अपना रहने का घर नहीं बना पा रहे हैं;

(3) यदि उपरोक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार इन भूमिहीनों को भूमि उपलब्ध कराकर इन्हें वितरित कर वासगीत का पर्चा देने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

---------

पेयजल उपलब्ध कराना

*322. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर प्रखण्ड अन्तर्गत गाँधग्राम शेरपुर (सहिलोरी) में जलापूर्ति योजना के अन्तर्गत एक मीनी पम्प लगभग 5 वर्ष पूर्व में लगाया गया था, जो आजतक बन्द पड़ा हुआ है, जिससे उक्त ग्रामों में जलापूर्ति बाधित है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जलापूर्ति योजना के तहत पेयजल मुहैया कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बतलाना

*323. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि विभाग के अधीन कार्यरत पशु चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति की आयु 60 वर्ष है, जबकि स्वास्थ्य विभाग में चिकित्सकों की सेवानिवृत्ति आयु 65 वर्ष है, यदि हाँ, तो सेवानिवृत्ति की आयु 65 वर्ष नहीं करने का क्या औचित्य है ?

चहारदीवारी का निर्माण

*324. श्री नीरज कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत बरारी प्रखण्ड के कृषि फार्म का चहारदीवार नहीं है और कृषि फार्म का रख-रखाव नहीं होने के कारण भवन, कृषि यंत्र आदि जर्जर हो गया है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कृषि फार्म का चाहरदीवार के साथ रख-रखाव कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

केन्द्र की स्थापना

*325. श्री अमीत कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत रीगा चीनी मिल क्षेत्र में गन्ना अनुसंधान केन्द्र की स्थापना नहीं होने के कारण गन्ना किसानों को समय-समय पर सही जानकारी नहीं मिल पाता है, जिससे वे फसल का समुचित संरक्षण नहीं कर पाते हैं, यदि हाँ, तो सरकार रीगा चीनी मिल क्षेत्र में एक गन्ना अनुसंधान केन्द्र की स्थापना कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

पेयजल मुहैया कराना

*326. डॉ० रामानुज प्रसाद--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सारण जिला के सोनपुर प्रखण्डान्तर्गत नयागाँव थाना के पास जल का पाइप लाइन विगत छः महीनों से फटा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल के लिये हाहाकार मचा हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थल का पाइप लाइन ठीक कराकर ग्रामीणों को शुद्ध पेयजल मुहैया कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

----------

अतिक्रमण से मुक्त कराना

*327. श्री जिवेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के सिंहवाड़ा प्रखण्डान्तर्गत भवानीपुर पंचायत के भपूरा स्थित ब्रह्मस्थान के पास खाता संख्या 90 तथा खेसरा संख्या 287 (पुराना) एवं खाता संख्या 1424, खेसरा संख्या 612, (नया), मौजा संख्या 525 तथा थाना संख्या 85, में बहुत पुराने समय से ही पोखरा खुदा हुआ है जो कि सरकारी है;

(2) क्या यह बात सही है कि पुराना खाता संख्या 90 तथा खेसरा संख्या 287, में यह सरकारी तालाब वर्णित है, जबकि नये सर्वे में किसी व्यक्ति विशेष का नाम अंकित किया जा चुका है तथा नामित व्यक्ति द्वारा पोखर को भरकर अतिक्रमित किया जा रहा है जिससे पूरे गाँव में जल बहाव की समस्या उत्पन्न हो रही है;

(3) यदि उपर्युक्त खण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार पुराने सर्वे के आधार पर जाँच कर अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

मूल्य निर्धारण करना

*328. श्री विद्या सागर केशरी--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिला अन्तर्गत फारबिसगंज विधान सभा क्षेत्र में 1000 हेक्टेयर में जूट की खेती होती है, जबकि जूट का सरकारी मूल्य निर्धारण नहीं किया गया है जिससे जे0 सी0 आई0 फारबिसगंज द्वारा बिचौलियों के माध्यम से जूट खरीदने के कारण किसान को जूट का सही मूल्य नहीं मिल पाता है और जूट उत्पादक को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक जूट का सरकारी मूल्य निर्धारण करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

अतिक्रमण मुक्त कराना

*329. श्री शशि भूषण हजारी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत घोघरडीहा प्रखंड के ब्रह्मपुर मध्य विद्यालय एन0 एच0-57 प्रेमलाल यादव के घर से गोढ़ियारी जाने वाली सड़क को ग्रामीणों द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त सड़क को अतिक्रमण मुक्त कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

लगान वसूली पर रोक लगाना

*330. श्री यदुवंश कुमार यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सरकार द्वारा भू-राजस्व में चार गुणा की वृद्धि की गयी है जिसके तहत सुपौल जिला के विभिन्न अंचलों में चार गुणा वृद्धि दर पर भू-राजस्व की वसूली हलका कर्मचारियों द्वारा की जा रही है, जिससे रैयत काफी परेशानी के बावजूद भू-स्वामित्व प्रमाण-पत्र पाने के लिए वृद्धि दर करने को मजबूर हैं, यदि हाँ, तो सरकार अप्रत्याशित चौगुणी दर पर हो रहे लगान वसूली पर रोक लगाने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जल निकासी कराना

*331. श्री उमेश सिंह कुशवाहा--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि वैशाली जिला के महनार नगर पार्षद के वार्ड संख्या 17 में महादलित समुदाय के मुसहर की बाहुलता है और वे वहाँ 25 वर्षों से निवास करते हैं जहाँ पूरे नगर परिषद् क्षेत्र का गंदा पानी गिराया जाता है तथा जल निकासी की व्यवस्था नहीं होने से वहाँ का पानी प्रदूषित हो गया है और बरसात के समय वहाँ डायरिया समेत अन्य महामारी से लोग आक्रांत हैं, यदि हाँ, तो सरकार वार्ड नं0 17 से जल निकासी की स्थायी व्यवस्था कबतक कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापन करना

*332. श्री सचीन्द्र प्रसाद सिंह--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्वी चम्पारण जिले के सबसे बड़े प्रखंड कल्याणपुर एवं कोटवा में कृषि पदाधिकारी का पदस्थापन नहीं होने से कृषि विभाग की योजनाओं का लाभ किसानों को ससमय प्राप्त नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में कृषि पदाधिकारी का पदस्थापन करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

राशन देना

*333. श्री सीताराम यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिलान्तर्गत बासोपट्टी प्रखंड के पंचरतन गाँव में दक्षिणवारी टोल दो सौ घरों की बस्ती है, जिसमें एक भी परिवार को राशन एवं किरासन की आपूर्ति नहीं हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार इनलोगों को राशन एवं किरासन मुहैया कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पंचायत का दर्जा देना

*334. श्री निरंजन कुमार मेहता--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधेपुरा जिलान्तर्गत बिहारीगंज शहर को नगर पंचायत का दर्जा देने का प्रस्ताव जिलाधिकारी, मधेपुरा द्वारा माह अगस्त, 2016 में सरकार को भेजा गया है, लेकिन सरकार द्वारा बिहारीगंज को अभीतक नगर पंचायत का दर्जा नहीं दिया जा सका है, यदि हाँ, तो सरकार बिहारीगंज को नगर पंचायत का कबतक दर्जा देने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

गली नालों का पक्कीकरण

*335. श्रीमती लेशी सिंह--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिला स्थित नगर परिषद् फुलवारी शरीफ टोला इशोपुर के वार्ड नं0 25 में शप्ता बुढ़िया गली के गली-नाला का विगत 10(दस) वर्षों से पक्कीकरण नहीं होने के कारण वहाँ सालों भर नाली का गंदा पानी बहने से आमजन को आवागमन बाधित हो गया है तथा निवासी भयंकर बीमारियों का शिकार हो रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार शप्ता बुढ़िया के गली-नाला का कबतक पक्कीकरण कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

## सीमांकन करना

*336. श्री आबिदुर रहमान--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत फुलवारीशरीफ प्रखंड के ढिबरा पंचायत स्थित आईमा निहूरा गाँव में गैर-मजरूआ जमीन का सीमांकन नहीं होने के कारण विकास कार्य (नाला इत्यादि) बाधित रहने से आमजनों को काफी परेशानी हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में गैर-मजरूआ जमीन का सीमांकन कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## समायोजित करना

*337. श्री तारकिशोर प्रसाद--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि कटिहार जिलान्तर्गत जनवितरण प्रणाली बिक्रेताओं के द्वारा वर्ष 2017 माह मार्च के विरुद्ध पी० एच० एच० अन्त्योदय मद में बिहार राज्य खाद्य निगम, कटिहार में जमा कराई राशि के एवज में कटिहार नगर निगम क्षेत्र के 97 तथा बरारी प्रखंड के मात्र 8 जनवितरण प्रणाली बिक्रेताओं का उठाव कराया गया था;

(2) क्या यह बात सही है कि शेष प्रखंड के अनाज का उठाव बिहार राज्य खाद्य निगम, कटिहार के द्वारा नहीं कराया गया और न ही अबतक राशि वापस की गयी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो सरकार शेष जनवितरण प्रणाली बिक्रेताओं के जमा राशि को वापस करने अथवा समायोजित करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

## नाला का निर्माण

*338. श्री संजय सरावगी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा शहर के एल० आई० सी० चौक से पोखरिया मध्य विद्यालय होते हुये एन० पी० मिश्रा चौक के पास ब्रह्मस्थान तक पानी निकासी हेतु नाला नहीं रहने के कारण यहाँ सालों भर जल-जमाव की समस्या बनी रहती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त स्थान पर कबतक नाला निर्माण कराने का विचार रखती है ?

---------

## समाधान करना

*339. श्री श्याम रजक--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 24 अक्टूबर, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''होल्डिंग टैक्स की वसूली के खेल में कर्मचारी निलंबित'' के आलोक में क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि पाटलिपुत्रा सहित पाँच पंचायतों यथा पूर्वी दीघा ग्राम पंचायत, पश्चिमी दीघा ग्राम पंचायत, पश्चिमी मैनपुरा, उत्तरी मैनपुरा, को जून, 2016 में अधिसूचना द्वारा पटना नगर निगम में शामिल किया गया है, जहाँ नगर निगम की सुविधा वार्ड पार्षद चुनाव, 2017 के बाद मिलना प्रारंभ हुआ है;

(2) क्या यह बात सही है कि इन वार्डों में वर्ष 2016 से ही पटना नगर निगम द्वारा होल्डिंग टैक्स वसूली जा रही है, जिससे स्थानीय निवासियों में आक्रोश है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं, तो क्या सरकार इसका समाधान कराने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

भवन निर्माण कराना

*340. श्रीमती अरूणा देवी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नवादा जिले में नारिसलीगंज नगर पंचायत स्थित है जिसका नगर पंचायत सरकार भवन अभीतक नहीं बन पाया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर पंचायत में कबतक नगर पंचायत सरकार भवन बनाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

उपलब्ध कराना

*341. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार सरकार द्वारा भूमिहीन गरीबों को 5 डिसमील जमीन देने की घोषणा वर्ष 2016 में किया गया है, जिसके तहत भोजपुर जिला के तरारी प्रखंड के सेदहां ग्राम में आहर के किनारे 50 साल से बसे भूमिहीन गरीबों को अभीतक जमीन और आवास नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार भूमिहीन गरीबों को जमीन एवं आवास उपलब्ध कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

दुग्ध उत्पादन केन्द्र खोलना

*342. श्री समीर कुमार महासेठ--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मधुबनी जिला उद्योगविहीन और कृषि पर आधारित जिला है तथा जिला में पशुपालकों एवं दूध की बहुलता है, परन्तु जिला मधुबनी में चिलिंग प्लांट-सह-दूध उत्पादन केन्द्र यूनिट (डेयरी) नहीं रहने के कारण पशुपालकों को दूध का समुचित मूल्य नहीं मिल पा रहा है, यदि हाँ, तो सरकार मधुबनी जिला में चिलिंग प्लांट (डेयरी) कबतक स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

औचित्य बताना

*343. श्री राम विशुन सिंह--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत जगदीशपुर एवं पीरो प्रखंड तथा नगर पंचायत, जगदीशपुर में वित्तीय वर्ष 2013-14, 2014-14, 2015-16 में स्वीकृत चापाकल गाड़ने का कार्य आरंभ हुआ था, जो आधा-अधूरा गाड़कर छोड़ दिया गया है तथा प्लेटफार्म नहीं बनाने के साथ प्लास्टर भी नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो इसका क्या औचित्य है ?

योजना को पूर्ण कराना

*344. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड रामपुर पंचायत कुड़ारी, ग्राम-सिसवार में मिनी जलापूर्ति योजना वर्ष 2016-17 में स्वीकृत होने के पश्चात् आजतक अधूरा एवं बन्द पड़ा हुआ है, जिससे उक्त गाँव में पेयजल की समस्या बनी हुई है तथा उक्त ग्रामीणों को दूसरे गाँवों से पानी लाना पड़ रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त गाँव में कबतक जलापूर्ति योजना को पूर्ण कराकर चालू करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चापाकल लगाना

*345. श्री भोला यादव--क्या मंत्री, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला के बहादुरपुर प्रखण्ड के अन्तर्गत विभिन्न गाँवों के लिए प्रश्नकर्ता सदस्य द्वारा मुख्यमंत्री चापाकल योजना अन्तर्गत वर्ष 2014-15 के लिए 101 (एक सौ एक) चापाकल की सूची, अभियंता प्रमुख, लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग, पटना को दिनांक 26 नवम्बर, 2015 को अपने पत्रांक 07/2015, दिनांक 14 नवम्बर, 2015 के द्वारा प्राप्त कराया था;

(2) क्या यह बात सही है कि ऊपर वर्णित खण्ड में वर्णित पत्र के आलोक में तत्कालीन मुख्य अभियंता (नागरिक) ने अपने ज्ञापांक 6/वि०1-10165/2014 का खण्ड-11-102, पटना, दिनांक 13 जनवरी, 2016 के द्वारा कार्यपालक अभियंता, लोक स्वास्थ्य प्रमंडल, दरभंगा को संलग्न सूची से 93 (तिरानवे) स्थानों पर चापाकल निर्माण करने का आदेश दिया;

(3) यदि उपर्युक्त खंण्डों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो सरकार ऊपर वर्णित 93 (तिरानवे) स्थानों पर चापाकल निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

चावल मिल स्थापित करना

*346. श्री अचमित ऋषिदेव--क्या मंत्री, सहकारिता विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अररिया जिलान्तर्गत रानीगंज प्रखण्ड में धान का कुल आच्छादन 11,323 हेक्टेयर है, जिसमें विशनपुर, परमानंदपुर, पचीरा एवं हाँसा पंचायत में क्रमशः 300, 296, 293, 394 हेक्टेयर भूमि में धान की खेती होती है लेकिन वहाँ किसी पैक्स में चावल मिल नहीं रहने से किसानों को कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार विशनपुर पैक्स में चावल मिल स्थापित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*347. श्री मोहम्मद नवाज आलम--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत आरा विधान सभा क्षेत्र के वलीगंज से धरहरा तक नाला निर्माण का कार्य नगर निगम, आरा के पास विगत दो वर्षों से लम्बित रहने से नाले का पानी रोड पर बह रहा है, यदि हाँ, तो सरकार इसकी जाँच कराकर कार्य को कबतक पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

रोस्टर का पालन

*348. श्री सुनील कुमार--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बिहार पशु विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना में वर्ष 2016 से नियमित एवं अनुबंध पर कार्यरत कर्मियों का आरक्षण रोस्टर का पालन नहीं किये जाने से कार्यरत कर्मियों का प्रोन्नति बाधित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक वर्णित विश्वविद्यालय में आरक्षण रोस्टर का पालन कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

कार्य पूर्ण कराना

*349. श्री कुमार सर्वजीत--स्थानीय हिन्दी दैनिक समाचार-पत्र में दिनांक 27 अगस्त, 2018 को प्रकाशित शीर्षक ''सात साल में भी आकार नहीं ले सकी, सीवरेज और जल आपूर्ति योजना'' को ध्यान में रखते हुए क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिला के बोधगया नगर पंचायत में जवाहर लाल नेहरू राष्ट्रीय शहरी निकाय नवीकरण मिशन के तहत् वर्ष 2010-11 में 19 वार्डों में शुद्ध जल एवं सीवरेज का निर्माण कार्य बुडको द्वारा शुरू किया गया, जिसे वर्ष 2013-14 में पूरा करना था, परन्तु सात वर्ष पूरा होने के बाद भी आजतक कार्य पूरा नहीं किया गया है, साथ हीं नगर पंचायत का वार्ड संख्या-16 एवं 17 में कुछ भी कार्य नहीं किया गया है, यदि हाँ, तो अन्तर्राष्ट्रीय पर्यटन स्थल बोधगया में सीवरेज और जल आपूर्ति का कार्य अभीतक पूर्ण नहीं कराने का क्या औचित्य है ?

---

सूखाग्रस्त घोषित करना

*350. श्री सैयद अबु दौजाना--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि--

(1) क्या यह बात सही है कि राज्य स्तर पर सरकार द्वारा 22 जिलों को वर्तमान में सूखाग्रस्त घोषित किया गया है;

(2) क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिला में मात्र 10% ही किसानों ने अपने निजी पम्पसेट से धान का खेती किया है, जबकि 90% भू-भाग में पानी के अभाव में धान का खेती नहीं, हो पायी है;

(3) यदि उपर्युक्त खंडों के उत्तर स्वीकारात्मक हैं तो क्या सरकार पूर्ण रूप से सीतामढ़ी जिला को सूखाग्रस्त जिला घोषित करने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---

पार्क बनाना

*351. श्री जनार्दन मांझी--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बांका जिलान्तर्गत अमरपुर नगर पंचायत के चनसार तालाब के चारों ओर सीढ़ी घाट का निर्माण एवं चारों तरफ पार्क का निर्माण नहीं हुआ है, जबकि वहाँ हजारों-हजार की संख्या में छठव्रत करने पुरूष एवं महिलाएं आती हैं, जिससे उनको काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त नगर पंचायत के चनसार तालाब में सीढ़ी एवं पार्क कबतक बनवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

सड़क का निर्माण करना

*352. श्री व्यासदेव प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि नगर परिषद् सीवान अन्तर्गत वार्ड नं० 2 का विदुरतीहाता एवं वार्ड नं० 7 का आग छपरा स्लम एरिया को सम्पर्क सड़कें नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त वार्डों में कबतक सम्पर्क सड़क का निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

---------

लाभ दिलाना

*353. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत कुटुम्बा, नवीनगर एवं देव प्रखण्ड के अधिकांश भूमिहीन व्यक्तियों को ऑपरेशन बसेरा का लाभ अबतक नहीं दिया गया है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों के भूमिहीन व्यक्तियों को कबतक योजना का लाभ दिलाना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

पदस्थापन करना

*354. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्ता संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिला के गायघाट एवं कटरा प्रखण्ड में पिछले दो वर्षों से प्रखण्ड आपूर्ति पदाधिकारी का पद रिक्त रहने के कारण प्रखण्ड के दूसरे पदाधिकारी को प्रभार देकर काम चलाया जा रहा है, जिसके कारण प्रखण्ड में आपूर्ति व्यवस्था में काफी अनियमितता हो रही है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त प्रखण्डों में आपूर्ति पदाधिकारी का पदस्थापन कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों?

--------

केन्द्र खोलना

*355. श्री विनोद प्रसाद यादव--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि गया जिलान्तर्गत शेरघाटी अनुमंडल में किसानों के खेती संबंधित प्रशिक्षण हेतु कोई साधन नहीं है, जिसके कारण खेतों से उन्नत पैदावार नहीं हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार शेरघाटी अनुमंडल के किसानों को प्रशिक्षित करने के लिये कृषि विज्ञान केन्द्र खोलने का विचार रखती है, हाँ, तो कबतक, नहीं, तो क्यों ?

सुखाड़ घोषित करना

*356. श्री रामदेव राय--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि बेगूसराय जिला के भगवानपुर बछवाड़ा वो मंसूरचक प्रखण्ड सहित पूरे जिला में लगभग 5 माह से वर्षा नहीं होने के कारण धान, मकई, सोयाबीन, दलहन, तेलहन आदि कई फसलों की बुआई नहीं हो सकी है तथा उपरोक्त अंकित प्रखण्डों सहित बेगूसराय जिला को सूखाग्रस्त घोषित नहीं किये जाने से किसान मजदूरों में भूखमरी की समस्या उत्पन्न हो गई है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त तीनों प्रखण्ड सहित पूरे बेगूसराय जिला को सुखाड़ग्रस्त घोषित करने का कबतक विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

सड़क का निर्माण

*357. श्रीमती सुनीता सिंह चौहान--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि सीतामढ़ी जिलान्तर्गत बेलसंड नगर पंचायत के बोरिंग चैनल से शंकर राय के डेरा होते हुये बालदेव राय टोला तक सड़क कच्ची है, जिससे आवागमन में कठिनाई हो रही है, यदि हाँ, तो क्या सरकार उक्त कच्ची सड़क को पी०सी०सी० सड़क के रूप में निर्माण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

--------

समस्या का निदान

*358. श्री सुदामा प्रसाद--क्या मंत्री, नगर विकास एवं आवास विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि भोजपुर जिलान्तर्गत तरारी विधान सभा के पीरो में जाम की समस्या बनी रहती है, जिससे आये दिन दुर्घटना होते रहती है, यदि हाँ, तो इस समस्या के निदान हेतु सरकार की क्या कार्य योजना है ?

--------

कार्यान्वयन करना

*359. श्री राजेश कुमार--क्या मंत्री, कृषि विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि औरंगाबाद जिलान्तर्गत के कुटुम्बा, नवीनगर तथा देव प्रखण्ड के अधिकतर भू-भाग असिंचित है जहाँ जल छाजन योजना का कार्यान्वयन शत-प्रतिशत नहीं हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त योजना को शत-प्रतिशत कार्यान्वयन कबतक कराना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

बंदोबस्ती करना

*360. श्री रवींद्र सिंह--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि अरवल जिलान्तर्गत अरवल नगर परिषद् के मौजा मखदुमपुर थाना नं0 24, प्लौट नं0 4 गैर-मजरूआ मालिक भूमि पर अल्पसंख्यक समाज के पिछड़ी व अनुसूचित परिवार 50 वर्षों से मकान बनाकर रहते हैं, परन्तु निवासित परिवार के पास भूमि का बंदोबस्ती अथवा बासगीत पर्चा नहीं है, यदि हाँ, तो सरकार इन परिवारों को बासगीत पर्चा/बंदोबस्ती कबतक करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

पदस्थापन करना

*361. श्री महेश्वर प्रसाद यादव--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि मुजफ्फरपुर जिलान्तर्गत पशु चिकित्सालय, गायघाट, बाघाखाल तथा धनौर में नियमित पशु चिकित्सक का पदस्थापन नहीं होने के कारण अतिरिक्त प्रभार देकर कार्य कराया जा रहा है, जिससे पशुओं की चिकित्सा में कठिनाई होती है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त पशु चिकित्सालयों में कबतक नियमित चिकित्सक का पदस्थापन करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

प्रतिनियुक्ति करना

*362. श्री (मो0) आफाक आलम--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पूर्णियाँ जिलान्तर्गत कसबा अंचल में अंचलाधिकारी के पद पर स्थायी अंचलाधिकारी की प्रतिनियुक्ति विगत 5 वर्षों से नहीं हुई है तथा उक्त अंचल का कार्य प्रभारी अंचलाधिकारी द्वारा विगत 5 वर्षों से लिया जा रहा है, जिसके कारण अंचल का कार्य सुचारू रूप से नहीं चल रहा है, यदि हाँ, तो सरकार उक्त अंचल में अंचलाधिकारी की स्थायी प्रतिनियुक्ति कबतक कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

-----------

कार्रवाई करना

*363. श्री ललित कुमार यादव--क्या मंत्री, खाद्य एवं उपभोक्त संरक्षण विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि दरभंगा जिला अन्तर्गत हनुमान नगर प्रखंड के नरसारा पंचायत में पहले से PDS की दुकान वार्ड नं0 9 में संचालित है, जो कि उच्च पथ के पूर्व दिशा में है;

(2) क्या यह बात सही है कि PDS की दुकान होने के बावजूद वार्ड नं0 8 एवं वार्ड नं0 9 में भी PDS की नई दुकान खुली है, जो PDS की निम्नतम दूरी 2 कि0 मी0 से कम दूरी पर अवस्थित है तथा उपभोक्ता को समस्तीपुर, दरभंगा उच्च पथ पार कर 3 कि0 मी0 जाकर समान लेना पड़ता है, यदि हाँ, तो सरकार उच्च पथ के पश्चिम दिशा में PDS दुकान खुलवाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

पदस्थापित करना

*364. श्री जयवर्धन यादव--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि पटना जिलान्तर्गत अंचल-पालीगंज के अंचलाधिकारी को कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग द्वारा पत्र के माध्यम से प्रखंड पालीगंज के ग्राम-रेगनियाडीह, ग्राम-मियांखराटी, ग्राम-पिपरदाहा बंगलापर, ग्राम-तारनपूर एवं ग्राम-बेलदारीचक महादलित टोला में सम्पर्क पथ के निर्माण निजी जमीन एवं सरकारी जमीन को चिन्हित करने एवं भू-स्वामी का नाम, खेसरा संख्या, खाता संख्या एवं रकवा से संबंधित विस्तृत प्रतिवेदन उपलब्ध कराने की मांग पत्रांक 1311, दिनांक 1 अक्तूबर, 2018 द्वारा की गयी है, परन्तु सप्ताह में मात्र दो दिन अमीन उपलब्ध रहने एवं कर्मचारियों की कमी के कारण कार्य रूका हुआ है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक पालीगंज अंचल में अमीन कर्मचारी को पदस्थापित कराते हुए उक्त कार्य को पूर्ण कराने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पदस्थापन करना

*365. श्रीमती गुलजार देवी--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि फुलपरास अंचल में अंचल अधिकारी का पद छः महीने से खाली पड़ा है जिससे राजस्व का कार्य प्रभावित हो रहा है, यदि हाँ, तो सरकार कबतक अंचलाधिकारी का पदस्थापन फुलपरास में करना चाहती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

जमीन दिलाना

*366. श्रीमती रिंकी रानी पाण्डेय--क्या मंत्री, राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि राज्य सरकार के प्रावधानों के आलोक में कैमूर जिलान्तर्गत प्रखंड भभुआ, नगर शहरी क्षेत्र में बसे गरीब भूमिहीनों अनु0 जाति/जनजाति, पिछड़ा, अतिपिछड़ा को 3 से 5 डीसमील जमीन अभीतक उपलब्ध नहीं कराया गया है, जिसके कारण वे लोग झोपड़ी लगाकर जीवन व्यतीत कर रहे हैं, यदि हाँ, तो सरकार उक्त भूमिहीनों को कबतक जमीन दिलाने का विचार रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पशु अस्पताल खोलना

*367. श्री ललन पासवान--क्या मंत्री, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, यह बतलाने की कृपा करेंगे कि क्या यह बात सही है कि रोहतास एवं कैमूर जिला के कैमूर पहाड़ी पर अवस्थित 225 गाँवों के पशु एवं शाहाबाद के हजारों पशुपालकों के पशु लाखों की संख्या में पहाड़ी पर रहते हैं, परन्तु पशु अस्पताल नहीं होने के कारण पशुओं का इलाज नहीं हो पाता है, यदि हाँ, तो सरकार कैमूर पहाड़ी पर पशु अस्पताल एवं चिकित्सक मुहैया कराने का विचार कबतक रखती है, नहीं, तो क्यों ?

------------

पटना :
दिनांक 29 नवम्बर, 2018 (ई0) ।

बटेश्वर नाथ पाण्डेय,
सचिव,
बिहार विधान सभा ।

बि0 स0 मु0 (एल0ए0)--103-डी0 टी0 पी0--550